# चेक लिस्ट क्र. 08

# परियोजना के संबंध में संक्षिप्त विवरण

# कार्यालय परियोजना प्रबंधक
(ए.डी.बी.प्रोजेक्ट)
छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना, लो.नि.वि., बिलासपुर (छ.ग.)
(E-mail:- eemp.bilaspur.cg@nic.in) Phone – 07752-400946

## प्रमाण पत्र

आवेदक संस्थान छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना (ए.डी.बी. प्रोजेक्ट) लोक निर्माण विभाग बिलासपुर छत्तीसगढ द्वारा बाकारूमा–लैलूंगा मार्ग 22.920 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य प्रस्तावित है, जिसमे परियोजना के संबंध मे संक्षिप्त विवरण संलग्न है।

(ए. के. दीवान)
परियोजना प्रबंधक
(ए.डी.बी. प्रोजेक्ट)
छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना
लो.नि.वि., बिलासपुर (छ.ग.)

# परियोजना के संबंध में सक्षिप्त विवरण

बाकारूमा–लैलूंगा मार्ग की लम्बाई 22.918 कि.मी. है, मार्ग ए.डी.बी. लोन–3 छ.ग. राज्य सड़क क्षेत्र परियोजना के अन्तर्गत स्वीकृत हुआ है। यह मार्ग जिला मुख्यालय रायगढ़ संभागीय मुख्यालय एवं न्यायधानी बिलासपुर तथा राजधानी रायपुर को जोड़ने वाला कम दूरी का मुख्य जिला मार्ग है। इस मार्ग के निर्माण से वर्तमान मे यातायात के कारण हो रही असुविधा एवं दुर्घटनाओं मे कमी आयेगी तथा आवागमन में समय तथा पी.ओ.एल. की बचत संभव हो सकेगी।

वर्तमान मे मार्ग में 3.00 मी. चौड़ाई में डामरीकृत सतह है। सड़क यातायात घनत्व तथा इस क्षेत्र के ग्रामवासियों के आवागमन की सुविधा के दृष्टव्य से इसे 2–लेन मार्ग बनाना आवश्यक है। मार्ग निर्माण में डामरीकृत मार्ग 7.00 मी. चौड़ाई (2 लेन) में 20. 340 कि.मी.10.00 मी. चौड़ाई (2 लेन), 2.578 कि.मी. का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, इसके अलावा 02 नग मध्यम बाक्स स्लैब पुल, छोटे पुलियों में 59 नग पाईप पुलिया, 02 नग स्लैब पुलिया कुल 63 नग पुल पुलियों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। लगभग 5160 मी. नाली निर्माण, 2425 मी. पिचींग, 370 मी. टो वाल, पेव्हड शोल्डर ट्रेफिक साइनेज तथा रोड जक्शन डेवलपमेंट का कार्य भी प्रस्तावित है, साथ ही गॉवो में वाटर हार्वेस्टिंग तथा यात्री पड़ाव का भी प्रावधान मार्ग निर्माण कार्य में रखा गया है।

उक्त मार्ग के निर्माण से राजधानी रायपुर से जिला रायगढ़ होते हुए लैलूंगा झरन, खम्हार, सलखिया, घीयारमुडा, हीरापुर, राजपुर, सराईमुड़ा, चोरंगा, राजगांव, रामपुर, वगुडेगा, बाकारूमा, आदि गांव राज्य मार्ग कं. 17 एवं राष्ट्रीय राजमार्ग कं. 43 से होते हुए पत्थलगांव, अम्बिकापुर से जुड़ जायेंगे। उक्त मार्गो के आसपास निवासरत लगभग 50000 निवासियों को आवागमन हेतु सरल एवं सुगम मार्ग उपलब्ध हो सकेगा।

संलग्न –

1. प्रशासनिक स्वीकृति।

परियोजना प्रबंधक
(ए.डी.बी. प्रोजेक्ट)
छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना,
लो.नि.वि., बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन नया रायपुर

क्रमांक एफ 17–165/2018/19/ए.डी.बी./लोन–3/तक–2, नया रायपुर, दिनांक /08/2018

प्रति,

परियोजना निदेशक,
ए.डी.बी.(प्रोजेक्ट)
छ.ग.राज्य सड़क क्षेत्र परियोजना,
लो.नि.वि. रायपुर (छ.ग.)

विषय : **वर्ष 2018–19 के प्रथम अनुपूरक बजट में शामिल ए.डी.बी. लोन–3 परियोजना अंतर्गत बाकारुमा लैलुंगा मार्ग (पै.क्र.– 24) के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति बाबत् । (मद क्र. 3/3)**

संदर्भ : आपका ज्ञाप क्र. 1366/ए.डी.बी./लोन–3/2018 दिनांक 28.04.2018

——000——

राज्य शासन एतद् द्वारा विषयांकित कार्य के लिये रूपये 72.53 करोड़ (बहत्तर करोड़ तिरपन लाख) मात्र की प्रशासकीय स्वीकृति निम्न शर्तो के साथ प्रदान करता है :–

1/ कार्य का व्यय मांग संख्या/शीर्ष 76/5054(03)–(337)–1202–(7922) छत्तीसगढ़ स्टेट **रोड़ डेव्हलपमेन्ट सेक्टर प्रोजेक्ट फेस–III # 97 निर्माण कार्य 002 सड़क** के अंतर्गत विकलनीय होगा ।

2/ पुल/पुलिया की डिजाईन/ड्राईंग सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित करा कर ही उनका कार्य प्रारंभ किया जावें।

3/ उपलब्ध आबंटन की सीमा में ही व्यय सुनिश्चित किया जावे ।

4/ उक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त करने के उपरांत ही निविदा आमंत्रित की जावें तथा निर्धारित औपचारिकतायें पूर्ण कर कार्य को प्रारंभ किया जावें।

5/ उक्त कार्य की निविदा की कार्यवाही प्रमुख अभियंता कार्यालय में गठित निविदा प्रकोष्ठ से कराया जाना सुनिश्चित करें।

6/ यह स्वीकृति वित्त विभाग के यूओ. क्र. 698/ब–2/19–02361/बजट–2/वित्त/चार/ 2018, दिनांक 03.08.2018 द्वारा प्राप्त सहमति अनुसार जारी की जाती है ।

सहपत्र : स्वीकृत प्राक्कलन ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(सी. तिर्की)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग

पृ.क्रमांक एफ 17–165/2018/19/ए.डी.बी./लोन–3/तक–2, नया रायपुर, दिनांक 06/08/2018

प्रतिलिपि :

1/ निज सचिव माननीय मंत्री जी, लो.नि.वि. छ.ग.शासन मंत्रालय नया रायपुर ।
2/ प्रमुख सचिव, छ.ग.शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय रायपुर।
3/ महालेखाकार, (छ.ग.), जीरो पाईट बलौदाबाजार मार्ग रायपुर ।
4/ प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि., नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19 निर्माण भवन, नया रायपुर ।
5/ बजट शाखा प्रमुख अभियंता, कार्यालय (कृपया वर्ककोड तत्काल जनरेट करें)

की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।

6/8/2018

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग